http://www.cgboardonline.com

कुल प्रश्नों की संख्या : 18 ]
Total No. of Questions : 18 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11
[ Total No. of Printed Pages : 11

# J-201100 –C

## विषय : गणित
## Subject : Mathematics

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 hours ]

[ पूर्णांक : 75
[ Maximum Marks : 75

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

**नोट : सभी प्रश्न हल कीजिए।**

***Note* : Attempt all questions.**

ग्राफ पेपर की आवश्यकता है।

Graph paper is required.

---

*सामान्य निर्देश* : (*i*) कैलकुलेटर के प्रयोग की अनुमति नहीं है।

***General Instructions*** : Use of calculator is not permitted.

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 में तीन खण्ड हैं। खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा खण्ड (स) में सत्य/असत्य दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

Question No. 1 has three parts. In Part (A) Multiple choice questions, in Part (B) Fill in the blanks and in Part (C) Write true/false are given. Each question carries 1 mark.

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं।

Question Nos. 2 to 6 are very short answer type questions. Each question carries 2 marks.



http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com



(*iv*) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं।

Question Nos. 7 to 10 are very short answer type questions. Each question carries 3 marks.

(*v*) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं।

Question Nos. **11** to **14** are short answer type questions. Each question has an internal choice. Each question carries 4 marks.

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 15 एवं 16 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।

Question Nos. **15** and **16** are short answer type questions. Each question has an internal choice. Each question carries 5 marks.

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 17 एवं 18 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं।

Question Nos. **17** and **18** are long answer type questions. Each question has an internal choice. Each question carries 6 marks.

---

प्रश्न-1 **( खण्ड-अ ) सही विकल्प चुनकर लिखिए :**

**(Part-A)** Choose and write the correct option :

(*i*) यदि $P(x) = 2x^2 - 3x + 6$ हो, तो $P(2)$ का मान होगा : [1]

(अ) 4

(ब) 6

(स) 8

(द) –4

If $P(x) = 2x^2 - 3x + 6$, then the value of $P(2)$ will be :

(*a*) 4

(*b*) 6

(*c*) 8

(*d*) –4

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com



(*ii*) वर्ग समीकरण $4x^2 - 4x + 1 = 0$ के विविक्तकर का मान होगा : [1]

(अ) 0

(ब) 1

(स) 2

(द) 4

The value of discriminant of quadratic equation $4x^2 - 4x + 1 = 0$ will be :

(*a*) 0

(*b*) 1

(*c*) 2

(*d*) 4

(*iii*) बिन्दु (–2, 4) किस चतुर्थांश में होगा ? [1]

(अ) प्रथम चतुर्थांश

(ब) द्वितीय चतुर्थांश

(स) तृतीय चतुर्थांश

(द) चतुर्थ चतुर्थांश

Point (–2, 4) lies in which quadrant ?

(*a*) First quadrant

(*b*) Second quadrant

(*c*) Third quadrant

(*d*) Fourth quadrant

(*iv*) $\sin 30^\circ \times \operatorname{cosec} 30^\circ$ का मान होगा : [1]

(अ) 1

(ब) 2

(स) –1

(द) –2

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com


The value of $\sin 30^\circ \times \text{cosec}\, 30^\circ$ will be :

(*a*) 1

(*b*) 2

(*c*) –1

(*d*) –2

(*v*) यदि सावधि जमा खाता में ब्याज की गणना छ:माही आधार पर की जाती है, तो वार्षिक दर को लिया जाना चाहिए : [1]

(अ) दुगुना

(ब) तिगुना

(स) आधा

(द) चार गुना

If in fixed deposit the interest is calculated half-yearly, then rate of interest per annum will be :

(*a*) double

(*b*) three times

(*c*) half

(*d*) four times

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

प्रश्न–1 **( खण्ड-ब )** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

**(Part-B)** Fill in the blanks :

(*i*) $\left(\sqrt{5}+1\right)$ और $\left(\sqrt{5}-1\right)$ का समान्तर माध्य _______ है। [1]

The arithmetic mean of $\left(\sqrt{5}+1\right)$ and $\left(\sqrt{5}-1\right)$ is _______.

(*ii*) यदि $a : b : c$ हो, तो मध्यानुपाती _______ होगा। [1]

If $a : b : c$, then the mean proportional will be _______.

(*iii*) दो वृत्त सर्वांगसम होते हैं, यदि उसकी _______ बराबर हैं। [1]

Two circles are congruent, if their _______ are equal.

(*iv*) $\tan(90^\circ - 33^\circ)$ का मान _______ होता है। [1]

The value of $\tan(90^\circ - 33^\circ)$ is _______.

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com



(v) दो सम संख्याओं का जोड़ सदैव ______ होता है। [1]

The sum of two even numbers is always ______.

प्रश्न-1 (खण्ड-स) सत्य अथवा असत्य लिखिए :

(Part-C) Write true or false :

(i) सभी वृत्त समरूप होते हैं। S [1]

Circles of all sizes are similar.

(ii) $x$-अक्ष पर स्थित किसी बिन्दु का $y$-निर्देशांक शून्य होता है। S [1]

The $y$-coordinate of any point on $x$-axis is zero.

(iii) घन में 7 कोरें होती हैं। http://www.cgboardonline.com [1]

A cube has 7 edges.

(iv) सेवा कर अप्रत्यक्ष कर होता है। A [1]

Service tax is an indirect tax.

(v) किसी त्रिभुज में दो भुजाओं का योग तीसरी भुजा से छोटा होता है। S [1]

In a triangle, the sum of any two sides is less than the third side.

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

प्रश्न-2 यदि $(2+x):(4+x):(5+x)$ हो, तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए। [2]

If $(2+x):(4+x):(5+x)$, then find the value of $x$.

प्रश्न-3 प्रथम दस विषम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए। [2]

Find the average of first ten odd numbers.

प्रश्न-4 विन्दु (6, 8) की मूल बिन्दु से दूरी ज्ञात कीजिए। [2]

Calculate the distance of point (6, 8) from the origin.

प्रश्न-5 मान ज्ञात कीजिए : $\dfrac{\tan 15^\circ}{\cot 75^\circ} + \dfrac{\sin 31^\circ}{\cos 59^\circ}$ [2]

Find the value of : $\dfrac{\tan 15^\circ}{\cot 75^\circ} + \dfrac{\sin 31^\circ}{\cos 59^\circ}$



http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com



प्रश्न-6 $x^2 - 5x + 6 = 0$ के मूलों का योगफल एवं गुणनफल ज्ञात कीजिए। [2]

Find the sum and product of the roots of

$$x^2 - 5x + 6 = 0$$

प्रश्न-7 सिद्ध कीजिए कि $(2y^3 + 4y^2 + 3y + 1)$ को $(y + 1)$ से भाग करने पर शेषफल शून्य है। [3]

Prove that on dividing $(2y^3 + 4y^2 + 3y + 1)$ by $(y+1)$ the remainder is zero.

प्रश्न-8 सिद्ध कीजिए कि किन्हीं दो क्रमागत विषम संख्याओं का योग हमेशा 4 का गुणज होता है। [3]

Prove that the sum of two consecutive odd numbers is always a multiple of 4.

प्रश्न-9 एक लम्बवृत्तीय बेलन के आधार की परिधि 22 सेमी. है। यदि बेलन की ऊँचाई 10 सेमी. है, तो बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए। [3]

The circumference of the base of a right circular cylinder is 22 cm. If the height of the cylinder is 10 cm, calculate the volume of the cylinder.

प्रश्न-10 वर्ग समीकरण $3x^2 - 11x + 10 = 0$ को हल कीजिए। [3]

Solve the quadratic equation $3x^2 - 11x + 10 = 0$.

प्रश्न-11 उस सरल रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जिसकी प्रवणता $\frac{7}{3}$ है तथा रेखा बिन्दु (6, 0) से होकर जाती है। [4]

Find the equation of that straight line which passes through the point (6, 0) and whose slope is $\frac{7}{3}$.

***अथवा***

***OR***

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

एक व्यक्ति ने अपनी गाड़ी में 5 लीटर पेट्रोल भरवाया। पाँच दिनों में बचे हुए पेट्रोल की मात्रा व दिनों को निम्नांकित सारणी में दर्शाया गया है :

| दिन | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| बचे हुए पेट्रोल की मात्रा ( लीटर में ) | 4 | 3 | 2 | 1 | 0 |

बचे हुए पेट्रोल की मात्रा तथा दिनों की संख्या के मध्य आलेख खींचिए।

A man filled 5 liters of petrol in the fuel tank of his vehicle. The table below shows the five days and the petrol remaining on those days :

| Day | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| Quantity of petrol remaining (in liter) | 4 | 3 | 2 | 1 | 0 |

Draw a graph between the petrol remaining and number of days.

http://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-12** सिद्ध कीजिए कि—"एक समकोण त्रिभुज में कर्ण का वर्ग शेष दो भुजाओं के वर्गों के योग के बराबर होता है।" **[4]**

Prove that–"In a right-angled triangle, the square of the hypotenuse is equal to the sum of the squares of the other two sides."

***अथवा***

***OR***

एक वृत्त की त्रिज्या 20 सेमी. है। दो बराबर और समान्तर जीवाओं के बीच की दूरी 24 सेमी. है। जीवा की लम्बाई ज्ञात कीजिए।

The radius of a circle is 20 cm. The distance between two equal and parallel chords is 24 cm. Find the length of chord.

http://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-13** निम्न सारणी की माध्यिका ज्ञात कीजिए : **[4]**

| वर्गान्तर | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 1 | 12 | 24 | 32 | 10 | 5 |

Find the median of the following table :

| Class Interval | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Frequency | 1 | 12 | 24 | 32 | 10 | 5 |

http://www.cgboardonline.com



अथवा

*OR*

निम्न सारणी की बहुलक ज्ञात कीजिए : [4]

| वर्गान्तर | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 4 | 5 | 16 | 12 | 3 | 2 |

Find the mode of the following table :

| Class Interval | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Frequency | 4 | 5 | 16 | 12 | 3 | 2 |

**प्रश्न-14** 2 सेमी. त्रिज्या वाली 64 गोलियों को पिघला कर एक बड़ा गोला बनाया गया। बड़े गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए। [4]

A big sphere is made by melting down 64 small spheres, each of radius 2 cm. Find radius of the big sphere.

अथवा

*OR*

यदि एक शंकु के आधार का व्यास 12 सेमी. तथा ऊँचाई 8 सेमी. है, तो शंकु का सम्पूर्ण पृष्ठ और आयतन ज्ञात कीजिए।

If diameter of the base of a cone is 12 cm and its height is 8 cm, then find the total surface area and volume of the cone.

**प्रश्न-15** एक त्रिभुज $PQR$ की रचना कीजिए। साथ ही एक और त्रिभुज $ABC$ की रचना कीजिए, जिसमें $AB = \frac{2}{3}PQ$ हो। [5]

Construct a triangle $PQR$. Construct another triangle $ABC$ along with it in such that $AB = \frac{2}{3}PQ$.

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com


*अथवा*

***OR***

त्रिभुज $ABC$ के परिगत वृत्त की रचना कीजिए, जिसमें $AB = 6$ सेमी., $\angle A = 45^\circ$, $\angle B = 60^\circ$ है। रचना के पद भी लिखिए।

Construct a circumcircle of $\Delta ABC$, where $AB = 6$ cm, $\angle A = 45^\circ$, $\angle B = 60^\circ$. Write the steps of construction.

प्रश्न 16 वसीम ने पंजाब नेशनल बैंक में 200 रु. प्रतिमाह की दर से 5 वर्ष के लिए आवर्ती जमा खाता खोला। यदि ब्याज की दर 6% वार्षिक हो, तो 5 वर्ष पश्चात् उसे कितनी धनराशि प्राप्त होगी ? [5]

Vasim opened a recurring deposit account in Punjab National Bank. He deposits Rs. 200 per month for 5 years. If rate of interest is 6% per annum, find the amount he will receive at the time of maturity.

*अथवा*

***OR***

वित्तीय वर्ष 2013-2014 में एक शासकीय कर्मचारी की कुल वार्षिक आय 3,60,000 रु. थी। उसने 20,000 रु. जीवन बीमा पॉलिसी का वार्षिक प्रीमियम तथा 4,000 रु. प्रतिमाह सामान्य भविष्य निधि में जमा किया है। यदि सभी बचतों पर छूट की अधिकतम सीमा 1,00,000 रु. है, तो देय आयकर की गणना कीजिए।

आयकर की दर निम्नानुसार है :

| क्र. | कर योग्य सीमा | आयकर की दर |
|---|---|---|
| 1. | 2,00,000 रु. तक | कोई आयकर नहीं |
| 2. | 2,00,001 रु. से 5,00,000 रु. तक | 10% |
| 3. | 5,00,001 रु. से 10,00,000 रु. तक | 20% |

इसके अतिरिक्त, देय आयकर का 3% शिक्षा उपकर लगता है।

The income of a government employee in financial year 2013-2014 was Rs. 3,60,000. He deposited Rs. 20,000 as yearly premium on life insurance

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

policy and Rs. 4,000 every month in General Provident Fund. If a maximum of Rs. 1,00,000 can be invested in any type of saving to qualify for tax rebate, then calculate the payable income tax.

The rates of income tax are as follows :

| Sl. No. | Tax Limits | Rate of Tax |
|---|---|---|
| 1. | Up to Rs. 2,00,000 | NIL |
| 2. | Rs. 2,00,001 to Rs. 5,00,000 | 10% |
| 3. | Rs. 5,00,001 to Rs. 10,00,000 | 20% |

In addition, a 3% education cess has to be paid over the income tax.

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

प्रश्न-17 सिद्ध कीजिए कि

$$\frac{\cos\theta}{\sec(90^\circ - \theta) + 1} + \frac{\sin(90^\circ - \theta)}{\operatorname{cosec}\theta - 1} = 2\cot(90^\circ - \theta)$$ [6]

Prove that

$$\frac{\cos\theta}{\sec(90^\circ - \theta) + 1} + \frac{\sin(90^\circ - \theta)}{\operatorname{cosec}\theta - 1} = 2\cot(90^\circ - \theta)$$

***अथवा***

***OR***

तेज हवा से टूटे एक पेड़ का सिरा झुक कर पेड़ के पाद से 6 मीटर की दूरी पर जमीन को छूता है। यह हिस्सा जमीन से 60° का कोण बनाता है। पूरे पेड़ की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

A tree breaks to storm and the broken part bends so that the top of the tree touches the ground making an angle 60° with it. The distance between the foot of the tree to the point where the top touches the ground is 6 meters. Find the height of the tree.

http://www.cgboardonline.com



**प्रश्न-18** तीन समान्तर श्रेढ़ियों के $n$ पदों के योगफल क्रमशः $S_1, S_2, S_3$ हैं। यदि प्रत्येक श्रेढ़ी का प्रथम पद 1 तथा सार्वान्तर क्रमशः 1, 2, 3 हों, तो सिद्ध कीजिए कि

$$S_1 + S_1 = 2S_2$$ [6]

Sums of $n$ terms of three arithmetic progressions are $S_1, S_2, S_3$ respectively. If first term is 1 for every progression and common differences are 1, 2, 3 respectively, then prove that $S_1 + S_3 = 2S_2$.

*अथवा*

***OR***

पाँच वर्ष पूर्व मेरी आयु मेरे पुत्र की आयु की तिगुनी थी। दस वर्ष पश्चात् मेरी आयु मेरे पुत्र की आयु की दुगुनी हो जाएगी। मेरी व मेरे पुत्र की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

5 years ago, I was three times as old as my son. Ten years hence, I will be twice as old as my son. Find my present age and my son's present age.

......................

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

**http://www.cgboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**

http://www.cgboardonline.com